**खबर संक्षेप**

## आई.टी.आई. में प्रवेश के च्वाइस फिलिंग आज

**छिंदवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य श्री सी.बी.उईके ने बताया कि जिले की सभी 08 शासकीय आई.टी.आई. में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय डीएसडी पोर्टल या वेबसाइट http://mpiticounseling.co.in पर आवेदन 16 जून 2025 तक रजिस्ट्रेशन, च्वॉईस फिलिंग करते हुए इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संचालित शासकीय आईटीआई में 21 व्यवसायों में प्रवेश होना है। प्रथम चयन सूची 23 जून 2025 को जारी की जायेगी एवं 24 जून 2025 से 26 जून 2025 तक प्रवेश ले सकेंगे।

## जिले में अभी तक 39 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 39 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 31 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 15 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 32.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 15 जून 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 42.2, मोहखेड़ में 9.2, तामिया में 30, अमरवाड़ा में 40.2, चौरई में 11, हर्रई में 23.8, बिछुआ में 14.6, परासिया में 31.1, जुन्नारदेव में 27.8, चांद में 47.2 और उमरेठ में 80.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 53.8, मोहखेड़ में 9.2, तामिया में 55, अमरवाड़ा में 61.4, चौरई में 14, हर्रई में 27.8, बिछुआ में 15.2, परासिया में 33.3, जुन्नारदेव में 31.4, चांद में 48 और उमरेठ में 82.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### ओटीटी प्लेटफार्म पर ट्रेंड में आई वेबसीरीज, तामिया, छिंदवाडा, पांढुर्णा में हुई है वेबसीरीज की शूटिंग

# सरपंच साहब ने मचा दिया तहलका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा




गांव की राजनीति को दिखाती वेबसीरीज सरपंच साहब इन दिनों सोशल मीडिया में तहलका मचा रही है। यह फिल्म जबरदस्त तरीके से ट्रेंड कर रही है और साफ-सुथरे कंटेंट के कारण यूजर इसे पसंद कर रहे हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म की शूटिंग मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड व जिला प्रशासन के सहयोग से तामिया, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में हुई है। सभी मंचों पर इस वेबसीरीज को बेहतरीन रेटिंग मिली हुई है। बड़ी बात तो ये है कि इस फिल्म का निर्देशन छिंदवाड़ा के युवा शाहिद खान ने किया है।

ग्रामीण भारत की राजनीति और सामाजिक संरचना पर आधारित वेब सीरीज अब दर्शकों की पसंद बन चुकी है। पंचायत के बाद अब एक नई वेब सीरीज सरपंच साहब ने भी इसी पृष्ठभूमि को छूते हुए दर्शकों के दिल में खास जगह बना ली है। हाल ही में बेब्स ओटीटी पर रिलीज हुई यह सीरीज न सिर्फ गांव की राजनीति को दिखाती है, बल्कि बदलाव की लड़ाई को भी मजबूती से पेश करती है। छिंदवाड़ावासियों को ये फिल्म इसलिए भी देखना चाहिए क्योंकि इस फिल्म का अधिकांश फिल्मांकन छिंदवाड़ा जिले के तामिया की सुंदर पहाड़ियों, गांवों, गलियों और पांढुर्णा में हुआ है। फिल्म का निर्देशन युवा नेता और अब फिल्म इंडस्ट्रीज से जुड़े शाहिद खान ने किया है। एक साल में फिल्म का निर्माण पूरा किया गया था, इसके बाद ये फिल्म 30 अप्रैल को लॉन्चिंग की गई थी। लॉन्चिंग भारत सरकार के एप बेब्स ओटीटी पर हुई थी और तब से अब तक पैंतालिस दिनों से फिल्म रिकार्ड नंबर बन पर बनी हुई है।

### हर गांव से मेल खाती है सीरीज की कहानी

सरपंच साहब की खास बात यह है कि यह एक काल्पनिक गांव रामपुरा की कहानी है, लेकिन इसके मुद्दे, हालात और टकराव असल भारत के हर गांव से मेल खाते हैं। सत्ता में बैठा महेंद्र सिंह, जो तीन दशक से सरपंच है। अब एक युवा ग्रेजुएट संजू की चुनौती से जूझ रहा है, यह सिर्फ एक चुनाव की कहानी नहीं है। यह नए भारत और पुराने सिस्टम के टकराव की कहानी है, पूरी फिल्म सात सीरीज में बनी हुई है जिसे देखने बैठा दर्शक टीव्ही से जुड़ रहा है और सीरीज खत्म कर तारीफ करते हुए ही उठ रहा है। तो आप भी इस बेव सीरीज को देखना ना भूले.. जो भारत सरकार एप बेट्स ओटीटी पर मौजूद है।

### फिल्म से जुड़े हैं बड़े नाम

इस सीरीज का निर्देशन छिंदवाड़ा निवासी शाहिद खान ने किया है, जो उनका डायरेक्टोरियल डेब्यू है। इसे प्रोड्यूस किया है एक्टर सीनू सूद की पत्नी सोनाली सूद ने। सात एपिसोड की यह सीरीज एक महीने से वैब्स ओटीटी पर टॉप ट्रेंडिंग बनी हुई है। कास्ट में विनीत कुमार, विजय कुमार पांडे, पंकज झा, सुनीता राजवार, युक्ति कपूर और कई दमदार कलाकार शामिल हैं। जोरदार अभिनय और बेहतरीन कंटेंट के कारण वेबसीरीज को हर मंच में शानदार रेटिंग मिली हुई है।

### ग्राम पंचायत उमरेठ का मामला

## बोर में फंसे बकरी के मेमने को सुरक्षित बाहर निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत उमरेठ में लोगों ने बोर के गड्ढे में फंसे एक मेमने (बकरी का बच्चा ) तीन घंटे की मशक्कत और सूझ बूझ से सुरक्षित बाहर निकाला। गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत उमरेठ ने नलजल योजना के अंतर्गत वार्ड नंबर 18 राखीढाना में गज्जू पवार के मकान के पीछे राखीढाना से उमरेठ कुशवाह मोहल्ला पहुंच मार्ग में बोर करवाया था। बीते शनिवार को बारिश के बाद बोर के आसपास की जमीन गीली हो गई। रविवार सुबह करीब 9 बजे शुल्कू टेटवार बकरी चराने उसी क्षेत्र में गया । जिसमें एक माह का बकरी का बच्चा भी था । जो बोर के समीप खेल रहा था । जमीन गीली होने के चलते धंस गई और बच्चा 13 फिट नीचे गहराई में फंस गया । बकरी के बच्चे के गिरने की सूचना ग्रामवासी विजय पवार द्वारा दी गई । तब सरपंच मुकेश सोनी द्वारा तत्काल मेट परसू साहू और नल जल कर्मचारी अंसार कादरी को मौके पर पहुंचाया जहां पर जे सी बी मशीन ऑपरेटर इरफान मंसूरी द्वारा सुझ बुझ से खुदाई कर जिंदा बकरी के बच्चे को सकुशल बाहर निकाला गया । सरपंच की उपस्थिति में विजय पवार और अन्य लोगों ने बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाला ।

# न आई सिलिपाट, न मिले चके, फिर भी बिल का भुगतान

### नेहरिया खदान प्रबंधन की लापरवाही या कारनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पेंच कोयला क्षेत्र की कुछ गिनी चुनी कोयला खदानें ही बची है जिनके बूते परासिया और उस से लगी कुछ विधान सभा की आर्थिक गतिविधियां पटरी पर हैं , लेकिन कोयला खदान प्रबंधकों की लापरवाही और कारनामे अर्थ व्यवस्था को पटरी से उतारने के लिए काफी है । नेहरिया कोयला खदान प्रबंधन की लापरवाही कहें या कारनामा जो हाल ही में सामने आया है । यहां खदान में न तो सिलिपाट आई है और न ही चके मिले , फिर भी ठेकेदार को बिल का भुगतान कर दिया गया है। अब इस बात की चर्चा पूरे महकमें में है। कुछ जागरूक कामगार इस मामले की शिकायत सी एम डी और विजिलेंस से भी करने की तैयारी कर रहे हैं। यदि ऐसा होता है और निष्पक्ष जांच होती है तो अधिकारीयों पर बिजली गिरना लाज़मी है । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मई 2024 से मार्च 2025 तक कोई भी सिलीपाट और चाक नहीं आया जबकि ठेकेदार को 9114 नग सिलीपाट का पैसा भुगतान कर दिया गया है और चाक 74 नग का भी पैसा भुगतान कर दिया गया है । यह जांच का विषय है , कि अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच में सिलीपाट और चके कहां कहां लगाए गए हैं , इसकी जांच की जाए और जो भुगतान किया गया है उस से मिलान किया जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा ।



# बारिश को देखते हुए समाजसेवी दयानंद ने भरे सड़कों के गड्ढे



**छिंदवाड़ा** - वर्तमान में बारिस का मौसम प्रारंभ हो चुका है, और आवागमन के मार्ग में जहॉ-तहॉ मुख्य सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे देखे जा सकते हैं, जिनकी विभाग द्वारा अनदेखी की शिकायतें लगातार सामने आ रही है, और अब बारिस में इन गड्डों को नहीं भरा जाता है तो आये दिन हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाना संभव नहीं है । वाहन दुर्घटनाओं पर कुछ तक रोक लगे इसलिये आज पुनः नगर के समाजसेवी दयानंद चौरसिया द्वारा शहर के प्रमुख इंदिरा तिराहे में पेट्रोल पंप, मान सरोवर के सामने और ई.एल.सी. चौक पर जहॉ-तहॉ हो रहे गड्डो को भरा । ज्ञात हो दयानंद विगत लंबे समय से वाहन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिये मुख्य सड़कों के गड्डो को भरने के साथ-साथ जनहित में कई कार्य रहे हैं जिसकी आम जनता ने सराहना भी है । इसी तरह से उन्होनें समस्त नगरवासियों से अपील की है हमें स्वयं अपने शहर की स्वच्छता बनाये रखने और दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिये आगे आकर इस तरह से कार्य कर प्रशासन को सहयोग करना चाहिये ।

## फण्ड राशि पाने के लिए दर-दर भटक रहे मजदूर

**दमुआ।** अमल गमेटेड प्रा.लिमिटेड कुटुम्बदेव दमुआ नगर पालिका क्षेत्र वार्ड नं. 17 नंदोरा अंतर्गत कोक भट्टा में लगभग 20-25 मजदूर कर्मचारी काम करते थे जो कि 02-03-2007 से 2024 तक मजदूरों के द्वारा काम किया गया और अमल गमेटेड प्रायवेट लि. कंपनी के प्रबंधक एवं मैनेजर के द्वारा काम करने वाले मजदूर कर्मचारियों का फंड भी काटा गया उसके एवज में मजदूर कर्मचारी को कोई भी रसीद नही दी गई जबकि मजदूर कर्मचारी फण्ड का पैसा पाने के लिए दर दर भटक रहे है। खास बात तो यह है कि 2007 से 2014 की 223/- प्रत्येक मजदूरी की प्रतिमाह कटौती गई उसके बाद 2014 से 2023 तक 840/- रूपये प्रतिमाह कटौती गई वर्तमान समय में उक्त कोक भट्टे का कार्य बंद है। जिसमें काम करने वाले कमलसिंग, नासिर खान, प्रेमवती बाई, किसन लोबो, दिलेरसिंग, दीपक, उर्मिला बाई सहित अन्य मजदूर कार्य करते थे। जिनका आज वर्तमान समय तक फण्ड की राशि नही मिली है।

## गुलाबरा मंडल ने किया सेवा सुशासन, गरीब कल्याण संकल्प सम्मेलन

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी गुलाबरा नगर मंडल द्वारा केन्द्र की मोदी सरकार के सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर सम्मेलन आयोजित किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि जिला महामंत्री परमजीत सिंह विज अपने उद्बोधन में कहा कि । मोदी सरकार देश की ओर आंख दिखाने वाले आतंकवादियों को ईट का जबाव पत्थर से देने में सक्षम है । उन्होंने मोदी सरकार के विकसित भारत को 2047 के विजन के बारे में बताते हुए संकल्प से सिद्धी हेतु सभी से सहभागिता निभाने की अपील की । महापौर विक्रम अहाके कहा कि भाजपा सरकार ने लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी, उज्जवला योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाने का काम किया है । भाजपा की रीति-नीति समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की है । मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने मोदी सरकार की 11 साल की सेवा सुशासन, गरीब कल्याण की योजनाओं को गिनाया । उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास केवल कागजों तक ही सीमित था वहीं भाजपा सरकार के कार्यकाल में जनता विकास को देख भी रही है और महसूस भी कर रही है । मोदी सरकार ने आवास विहीन गरीबों को छत देने एवं महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है । कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण किया । स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे द्वारा किया गया ।



# गुम्मच के कलश, पादुका और माताजी का कराया नगर भ्रमण

### शारदा माता मंदिर में त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आज होगा समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गुलाबरा स्थित शारदा माता मंदिर में त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उक्त समारोह के दूसरे दिन 15 जून को मंडप पूजन, अन्नाधिवास, धृताधिवास, पुषाधिवावास, फलाधिवास, नगरभृमण एवं शयाधिवास का आयोजन हुआ। इस दौरान गुम्मच के कलश, माताजी की पादुका और माताजी को नगरभ्रमण कराया गया। जिसमें शारदा मंदिर गुलाबरा से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा शारदा मंदिर गुलाबरा से प्रारंभ होकर षष्टी माता मंदिर पहुंची, जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर शोभायात्रा वापिस शारदा मंदिर गुलाबरा पहुंची। मंदिर में सुबह से ही अनुष्ठानों का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान मंडप पूजन, अन्नाधिवास, धृताधिवास, पुषाधिवावास, फलाधिवास एवं शयाधिवास का आयोजन किया गया।

वार्ड 43 की पार्षद श्रीमती शिवानी बंटी सक्सेना ने बताया कि गुलाबरा स्थित शारदा मंदिर वर्षो पुराना है जिसका लंबे समय से जीर्णोद्वार नहीं हो पाया था। इस संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू से चर्चा कर मंदिर के जीर्णोद्वार के लिए सहयोग की बात हुई थी। जिस पर सांसद बंटी विवेक साहू ने तत्काल ही सहमति जताते हुए मंदिर का शीघ्र ही जीर्णोद्वार किये जाने की बात कही थी। सांसद बंटी विवेक साहू ने शारदा मंदिर का जीर्णोद्वारा कराया है। उन्होंने बताया कि जीर्णोद्वार के बाद मंदिर में विधि विधान से त्रिदिवसीय शिखर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



## भाजपा राममंदिर नगर मंडल तीन छिंदवाड़ा में विकसित भारत संकल्प सभा संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

देश के एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार के ग्यारह वर्ष अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ पूरे हो रहें है, भारत विश्व के चौथी अर्थ व्यवस्था बनने के साथ प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प साकार करने की ओर अग्रसर है, प्रधानमंत्री जी ने महिलाओं को बराबरी से विकास का भागीदार बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू की है यह सभी जानकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा जन जन तक पहुंचने के लिए ये विकसित भारत संकल्प सभा सभी मंडलों में आयोजित की गई उक्त विचार परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी ने आज शिव शक्ति लॉन चंदन गांव में विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने स्वागत भाषण देते हुए प्रधानमंत्री जी और राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली ने सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा किए गए विकास कार्य और यात्राओं के बारे में जानकारी दी गई, सभा का संचालन पंकज पाटनी ने किया, सभा को महेश सोमकुंवर ने भी संबोधित किया, आभार अरविंद राजपूत ने किया।

# विमान दुर्घटना के मृतकों के लिए किया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आशाराम बापू की पावन प्रेरणा से आज लिंगा आश्रम में अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना में मारे गए लगभग 317 लोगों के मोक्ष हेतु श्री मद भगवदगीता के 7 वें अध्याय का पाठ कर विधिवत तर्पण किया । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि अहमदाबाद प्लेन दुर्घटना बेहद ही दुःखद खबर है । हमारे शास्त्रों में आता हैं कि जिस व्यक्ति का शरीर छूट गया है उनके मोक्ष हेतु तीसरा , तेरहवीं , अस्थि विसर्जन , गंगा पूजन का विधान है । इस अवसर पर साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई , सुभाष इंगले , विलास घोंगे ,भूपेश पहाड़े अशोक कराड़े , रामराव लोखंडे ,अश्विन पटेल ,ओमप्रकाश डहेरिया , नारायण ताम्रकार , कैलाश राउत , गोवर्धन मालवीय , प्रीति सोंनारे , रुपाली इंगले , ललिता घोंगे , विमल शेरके , सुधा ताम्रकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

## औषधीय एवं फलदार पौधों का किया गया रोपण

**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आव्हान पर छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाली परिषद की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत छायादार, औषधीय एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। संस्था अध्यक्ष श्री चंद्रकांत विश्वकर्मा ने कहा कि ≈एक पेड़ माँ के नाम≈ एक अभियान है जो मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इसका उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना है, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा और एक समृध्द भविष्य में योगदान देगा। यह एक स्थायी स्मृति बनाने का प्रयास है, जो मां और प्रकृति दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। यह अभियान ≈एक पेड़ माँ के नाम≈ न केवल एक पेड़ लगाने का कार्य है, बल्कि यह एक गहरा भावनात्मक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है ।

### छिंदवाड़ा नगर भाजपा पातालेश्वर मंडल में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प सभा

# मोदी सरकार के नेतृत्व में विकसित भारत का यह अमृत काल : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को भाजपा छिंदवाड़ा नगर पातालेश्वर मंडल में विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। नगर निगम क्षेत्र वार्ड क्रमांक 18 सुकलूढाना में आयोजित इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार ने पिछले 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश के गरीब, वंचित और आम नागरिकों के कल्याण हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने न केवल करोड़ों लोगों का जीवन स्तर सुधारा है, बल्कि उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार भी दिलाया है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचा है। अंत्योदय का उत्थान एवं गरीब कल्याण विशेष रूप से पिछले 11 वर्षों में देश के कोने-कोने में देखने को मिला है। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता नगर निगम सभापति प्रमोद शर्मा द्वारा बताया गया कि मोदी सरकार के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं, युवाओं के विकास के साथ ही, देश की सुरक्षा भी सशक्त हुई है। देश की आम जनता का पूर्ण विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मोदी सरकार में देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला द्वारा उपस्थित समस्त हितग्राहियों एवं भाजपा नेताओं को विकसित भारत बनाने हेतु संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम मैं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लाडली लक्ष्मियों को दिए जाने वाली राशि हेतु प्रमाण पत्र भी अतिथियों द्वारा वितरित किये गये। कार्यक्रम में मंच संचालन पूर्व पार्षद एवं सभापति अभिलाष गौहर द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता पीतांबर डोडानी, भाजपा नगर महामंत्री राजकुमार बघेल, सभापति बलराम साहू, नीरज भारद्वाज, संतोष जैन सरल, मनोज कुशवाहा, संजीव यादव, अमित माहौरे, कुंदन मिगलानी, प्रहलाद यादव, मिलाप चौहान, हरनाम सिंह भट्टी, श्रीमती ममता ठाकुर, अमिता बरहैय्या, ज्योति विश्वकर्मा, रानी सूर्यवंशी, धर्मेंद्र वंशकार, संतोष ठाकुर, समीर दुबे, अमीन अंसारी, संजय वर्मा, रंजू अर्जुनवार, सनी मालवी, शंकर लाल वंशकार सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति आम नागरिकगण एवं सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के हितकारी उपस्थित थे।

## बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट, नहीं होती नाले की सफाई

# गड्ढों में तब्दील हो गई वार्ड 15 वास्तु पार्क की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



वर्तमान 15 के अंतर्गत आने वाली खडतकर कॉलोनी एवं वास्तु पार्क में गंदगी, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट एवं गड्ढेनुमा सड़कों कारण वार्ड वासियों का रहना मुश्किल हो गया है। नगर पालिका परिषद को कई बार वास्तु पार्क संजय नगर एवं खडतकर कॉलोनी के नाले की सफाई,सड़के, स्ट्रीट लाइट शुरू करने को लेकर आवेदन निवेदन किया जा चुके हैं। बावजूद इसकी नल की सफाई और नए पक्के नाले का निर्माण नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते बारिश के दिनों में अक्सर इस परिसर में रहने वाले वार्ड वासियों को गंदगी से परेशान होना पड़ता है।लंबे समय से सुभाष मोंटेसरी स्कूल के पास बहाने वाले कच्चे नाले से बहते हुए गंदे पानी की वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए यहां पक्के नाले का निर्माण करने की मांग वार्ड वासियों के द्वारा की जा रही है। कच्चा नाला होने के चलते दिन भर यहां पर गंदगी एवं सुवरों का\आतंक बना रहता है। लंबे समय से वास्तु पार्क एवं संजय नगर में निवास करने वाले लोगों के द्वारा कॉलोनी में पक्की सड़के बनाने की मांग की जा रही है। वर्तमान में वास्तु पार्क में बनी हुई सड़कों गड्ढों में तब्दील हो गई है। जगह-जगह से उखड़ी हुई सड़कों के कारण दो पहिया वाहन चला को एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के आवागमन में भारी दिक्कत होती है। वास्तु पार्क के कॉलोनी वासियों के द्वारा पूर्व में नगर पालिका परिषद में कॉलोनी की बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट एवं सड़क बनाने को लेकर ध्यान आकर्षित किया गया है बावजूद इसके स्ट्रीट लाइट एवं पक्की सड़कों का निर्माण नहीं किया जा रहा है। वार्ड वासियों ने पार्षद एवं नपा प्रशासन से वास्तु पार्क कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट नियमित साफ सफाई एवं सड़के बनाने की मांग की है।

## भारत मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** भारत मुक्ति मोर्चा की ओर से चरणबद्ध आंदोलन के तहत शनिवार को सौसर थाना प्रभारी एवं सौसर प्रशासन को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम सोपा गया है। ज्ञापन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय जी घाटोड़ राष्ट्रीय मूस्लिम मोर्चा प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अली ने बताया कि भारत मुक्ति मोर्चा के द्वारा संपूर्ण देश में विभिन्न समस्याओं के साथमहाबोधि महाविहार बिहार मुक्ति आंदोलन के तहत , सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग कि जात्ति आधारित गिनती ना करने के विरोध में, ईवीएम का विरोध किया जा रहा है।भारत मुक्ति मोर्चा का चरन बध्द आंदोलन में शनिवार को सौंसर प्रशासन को सोफे ज्ञापन में बताया की देश मे बौद्ध के अधिकारो का हनन किया जा रहा है, महाबोधि महाविहार केन्द्र सरकार ने बौद्धो को सौंपा जाना चाहिए, यहां पर दूसरे लोगों ने कब्जा करके रखा हुआ है जो कि नियम के विरुद्ध है,साथ हीबीटी एक्ट 1949 को रद्द किया जाना चाहिए,केन्द्र सरकार ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव करना चाहिए, भारत में पिछड़ा वर्ग की जाती आधारित जनगणना नही हुई है।इन सभी मुद्दों को लेकर आम जनता परेशान है। आंदोलन में जी,एम दुफारे,महादेव गोडबोले,अरुण बागड़े, प्रदीप सोमकूंवर,दीपक सोमकूंवर, सिराज शेख, एड एम ए कुरेशी आदि थे।

## बिजली के मेन लाईन के तार टूटने से तीन पशुधन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

बीती रात तेज हवा धुन आंधी तूफान से बिजली पोल के तार टूट कर खेत में गिर गए। इन बिजली के तारों में दो बैल एक गाय की करंट लगने से घटना स्थल पर मौत हो गई। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाने में की गई। पुलिस प्रकरण दर्ज कर पशु चिकित्सक को पीएम के लिए पत्र लिखा। पशु मालिक ने बताया कि आज सुबह करीब 07 बजे घर के गाय/बैल चराने के लिये छोडे थे।जो गावं के अखलाबाई के खेत मे बिजली के मेनलाईन के तार टूटकर जमीन पर गिर जाने के कारण 2 नग बैल एवं एक दुधारी गाय की मौत हो गई। जिनकी कीमत लगभग 49000 रूपये बताई जा रही है। जिसकी पुलिस थाने में सूचना लखन पिता होरी यदुवंशी ग्राम बुधवारा थाना जुन्नारदेव लालू यदुवंशी,अरविन्द यदुवंशी ने दर्ज कराया। रिपोर्ट के आधार पर थाना प्रभारी राकेश बघेल ने पशु चिकित्सक को मृतक जानवरों के पोस्टमार्टम करने के लिए पात्र प्रेषित किया।

## अहिंसा प्रेमियों ने गोधूलि वृद्धाश्रम में मनाया फादर्स डे



**छिंदवाड़ा।** रविवार 15 जून का शुभ दिन छिंदवाड़ा के गोधूलि वृद्धाश्रम में निवास कर रहे सभी 86 बुजुर्गों के लिए आपार खुशियों के साथ आनंद लेकर आया।मंगलमय प्रसंग था फादर्स डे का जिसे अहिंसा प्रेमी जैन बंधुओं ने कुछ अलग ही अंदाज में मनाकर बुजुर्गों के साथ खुशियां बांटी और विविध अनुष्ठान किए। यह आयोजन जिनशासन सेवक सेठ नोखेलाल जैन एवं पंडित अनिल कुमार जैन को समर्पित रहा। गुरैया से सेठ सुनील जैन, रुपेश जैन, आयुष, ऋषि, ममल, अर्पण, कु कोनिका, कु श्रुति जैन समस्त सेठ परिवार गुरैया ने सभी 86 बुजुर्गों को भोजन परोसा और फल एवं मिष्ठान वितरित कर बुजुर्ग महिलाओं को साड़ियां भेंट की। इस अवसर पर सभी अहिंसा प्रेमियों ने आश्रम परिसर में पौधारोपण कर पक्षियों के लिए जलपात्र भी भरे।सभी ने लिया संकल्प -सभी अहिंसा प्रेमियों ने अपने पूज्य पिताश्री के बताए मार्ग पर चलने, जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण करने के साथ एक पौधा पिताश्री के नाम लगाकर प्लास्टिक रहित हो शहर अपना सहित छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संकल्प लिया।बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद -अहिंसा प्रेमियों के सुंदर एवं हृदय स्पर्शी आयोजन से सभी बुजुर्गों की आँखें भर आई ओर उन्होंने ने सेवाभावी जैन बंधुओं को हृदय से आशीर्वाद देकर उनके उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

## एसडीएम, नपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने जल भराव का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर में ओवर ब्रिज नाली निर्माणाधीन के कारण घरों में बरसात का पानी घुसा। जिसके कारण रात भर पानी बाल्टियों से फेंकते हुए स्थानीय रहवासियों को परेशान होना पड़ा। ज्ञात रहे कि मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट के संबंधित ठेकेदार द्वारा फ्लाईओवर निर्माण के दौरान बायपास मार्ग सहित ड्रेन निर्माण का कार्य किया जा रहा है। विगत दिनों हुई अत्यधिक बारिश के कारण मकानों में पानी का भराव हो गया। जिसका निरीक्षण करने एसडीएम कामिनी ठाकुर नपा अध्यक्ष एवं पार्षदों ने जल भराव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 10 के निवासियों के द्वारा तत्काल नाली निर्माण की बात कर समस्या के निराकरण की मांग रखी। जिस पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रमेश सालोडे पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन सभापति राजेंद्र सूर्यवंशी भाजपा नेता पूर्व उपाध्यक्ष शरद कुरोलिया भाजपा नेता देवेंद्र टांडेकर सहित नगर पालिका के प्रशासन के कर्मचारी बंधुओ ने संबंधित ठेकेदार के साथ स्थल परीक्षण कर समस्या के निदान की बात कही ।आम जनमानस से भेंट कर सीकरी यह पानी की निकासी की पहला स्थानीय प्रशासन सहित जिला प्रशासन से की गई।

## एक पेड़ मां के नाम एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की दिलाई शपथ

### सेवा संकल्प सोसायटी ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्य करने वाली परिषद की नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत छायादार,औषधीय एवम फलदार पौधों का रोपण किया गया संस्था अध्यक्ष चंद्रकांत विश्वकर्मा ने कहा कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ एक अभियान है जो मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इसका उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना है, जो पर्यावरण की रक्षा करेगा और एक समृद्ध भविष्य में योगदान देगा। यह एक स्थायी स्मृति बनाने का प्रयास है, जो मां और प्रकृति दोनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।

यह अभियान ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ न केवल एक पेड़ लगाने का कार्य है, बल्कि यह एक गहरा भावनात्मक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है । कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी श्यामल राव ने सभी को पर्यावरण संरक्षण एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की शपथ दिलाई एवं परिवार के शुभ कार्य जैसे जन्मदिन ,एनिवर्सरी आदि अवसर पर पौधा लगाने एवं भेंट करने का लिए प्रेरित किया ,अपूर्वा फाउंडेशन अध्यक्ष संजय साहू ने पारस पीपल के पौधे के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपनी बात कही इस अवसर पर परिषद की नवाकर संस्था सेवा संकल्प सोसाइटी के सचिव संदीप अग्निहोत्री, अमित राय ,वरिष्ठ सहयोगी इमरत चक्रवर्ती,सुश्री आराधना शुक्ला, ,श्रीमती भावना बनारसे,सपना सोनी, कमलेश डेहरिया, विजय बहादुर वर्मा ,नितिन गडकरी,मुकेश दीक्षित,संस्था अध्यक्ष समाजसेवी चंद्रकांत विश्वकर्मा ,श्यामल राव,संजय साहू,दीक्षा बिसेन आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार की 11 वर्षो की उपलब्धि को भाजपा कार्यकर्ताओं को बताया



वारासिवनी।

भाजपा की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने और पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के अवसर पर भाजपा रामपायली मंडल के अंतर्गत ग्राम गर्रा में जनपद सदस्य चित्रसेन बिसेन के घर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्यव भाजपा कार्यकर्तागण शामिल हुए। इस अवसर पर जिला संयोजक किशोर अमूले, जिला पंचायत सदस्य गीता हनवत, भाजपा रामपायली मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, भूतपूर्व सरपंच सचिन बिसेन, कोषाध्यक्ष सुरेश पटले, सरपंच कोमल लिल्हारे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने भाजपा की केन्द्र सरकार की 11 वर्षो की उपलब्धियों को बताया और जन-जन तक उनकी उपलब्धियों को पहुँचाना है। कार्यक्रम में संजय टेंभरे, रूपेन्द्र सोनवाने, कबीर हनवत, चीनी बघेले, अभय लिल्हारे, राजकुमार कावरे, परमानंद येरपुडे, फागुलाल मरठे, चैनसिंह बैस, भानु राहंगडाले, सरपंच देवनाथ बोपचे, मिथलेश दमाहे, पन्ना लाल नगपुरे, जनपद सदस्य सुरेश पटले, दुलीचंद बोपचे, रमेश पटले, आनंद जी, मोटू पेंढारकर, विकास, ईश्वरी बघेले, खिलिराम बघेले, मुन्ना खोब्रागड़े, रविन्द्र हनवत, श्रीमती छीलूबाई चौहान, मर्सकोले जी, सरपंच चुन्नीलाल जी,

घनश्याम सहारे, सुशील डांडरे, प्रहलाद पंचेश्वर, नागेंद्र पटले, बृजकिशोर पटले, योगेंद्र राहंगडाले और सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हानेश भगत ने किया।

## शिक्षकों को दिया जा रहा गणित विषय का प्रशिक्षण



वरासिवनी विकासखंड के 157 शिक्षक व 10 जनशिक्षक ले रहे प्रशिक्षण वारासिवनी। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान हासिल करने हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा

संचालित मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तर पर कक्षा 1 व 2 में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का 2 दिवसीय एफ एल एन रिफ्रेशर प्रशिक्षण विकासखंड वारासिवनी में 11 जून 2025 से प्रारंभ हुआ है। भोपाल से प्रशिक्षण लेकर आए मास्टर ट्रेनर्स धन्नालाल बिसेन,भोजराज पटले, प्रीति वैद्य तथा लता गनी द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण

दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा गणित विषय में पाठ्यपुस्तक,शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका में आए बदलाव के साथ-साथ 4 ब्लॉक मॉडलतथा ईएलपीएस शिक्षण पद्धति से शिक्षण पर शिक्षकों की समझ को विकसित कियाजा रहा है। जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनी के बीआरसी सतेंद्र शरणागत नेजानकारी देते हुए बताया कि मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत कक्षा 1 ली और 2री के बच्चो में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को हासिल करने हेतुकक्षा 1 व 2 में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का ब्लॉकस्तरीय 2 दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय माध्यमिक शाला नदी टोला सिकंद्रा मेंआयोजित किया हैं। यह प्रशिक्षण दो चरणों में 11 जून से 14 जून 2025 तकआयोजित हैं। जिसमें विकासखंड वारासिवनी के कुल 157 शिक्षक और 10 जनशिक्षकप्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जनपद शिक्षा केंद्र वारासिवनीका समस्त स्टाफ प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से सहभागी हैं, जिनमे बीएसीयोगेश राहंगडाले, बालचंद राहंगडाले, दिनेश वशिष्ठ तथा एमआईएस रेवाशंकरसोनेकर, ऑपरेटर अनिता लिल्हारे, तकनीकी सहयोगी शैलेंद्र पालेवार सहित सभीजनशिक्षक शामिल हैं।



## पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है, जितना मानव जीवन का- विशेष

**वारासिवनी।** तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर वारासिवनी में वर्ष 2025 के पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन व पंच-ज अभियान व विशेष वृक्षारोपण अंतर्गत श्रीमती कविता इवनाती विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट वारासिवनी द्वारा पक्षकारगणों की उपस्थिति में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पर्यावरण के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गया है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। स्वच्छ जल, वायु और हरित क्षेत्रों की कमी मानव जीवन को प्रभावित कर रही है। आज के युग में पौधे ही मानव की जीवन रेखा हैं। पौधों एवं वृक्षों के बिना जीवन जीना संभव नहीं है।

पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है, जितना मानव जीवन का। वर्तमान समय में भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही हम पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने शिविर में उपस्थित जनों को संकल्प दिलाते हुए प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सकारात्मक संदेश दिया गया। शिविर के अंत में उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है, मानव जीवन के रक्षार्थ हेतु प्रत्येक परिवार द्वारा जन्मदिवस जैसे शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील भी की।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तहसील व विकासखंड स्तरीय संयुक्त बैठक सम्पन्न

वारासिवनी।



भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ से संबद्ध प्रदेश के द्वितीय वर्ग कर्मचारी से चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का राष्ट्रीय संगठन की तहसील व विकासखंड स्तरीय संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष पंचम हनवत ने की। सर्वप्रथम सत्र 2025-26 की सदस्यता के लक्ष्य पर विचार हुआ, जो संतोषजनक रहा। सदस्यों में लगभग 10 विभागों जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि, पशु चिकित्सा, चिकित्सा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, मंडी, जनजाति विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों ने सदस्यता ग्रहण की । तत्पश्चात कर्मचारियों की समस्याएं संगठन के पटल पर रखी गई। जिसमें वेतन विसंगति, समयमान वेतनमान, क्रमोन्नत वेतनमान एवं पदोन्नति आदि पर विचार विमर्श हुआ। जिन्हें प्रदेश के एजेंडे में शामिल करने हेतु प्रदेश कार्यालय को लिखा गया। स्थानीय समस्याओं का निराकरण अधिकारियों से

संपर्क कर किया जायेगा। बैठक में कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा नाजायज तरीके से कर्मचारियों से जी पी एफ, सेवानिवृत्ति, एरियर्स आदि के लिए रिश्वत की मांग करने की लिखित शिकायत संगठन को प्राप्त हुई है। ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों/अधिकारियों के खिलाफ संगठन ने आंदोलन का शंखनाद किया है। आगामी 22 जून 2025 को संगठन की जिला स्तरीय बैठक सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में दोपहर 12 बजे से संगठन के प्रदेश मंत्री रजनीश विश्वकर्मा की अध्यक्षता एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोज मिनोटे के मुख्य आतिथ्य एवं जिला संगठन मंत्री के जी बिसेन के विशेष आतिथ्य में संपन्न होनी हैं। जिसमें कर्मचारियों की समस्याएं तथा जिला निर्वाचन की कार्यवाही संपन्न होनी हैं। ऐसी बहु आयामी बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं सक्रिय सदस्यों से 22 जून 2025 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट में अनिवार्य रुप से पहुंचने की अपील बैठक में उपस्थित जिला उपाध्यक्ष पंचम हनवत, तहसील सचिव विजय दखने, तहसील कोषाध्यक्ष लखपति बिसेन, विकासखंड अध्यक्ष दिलेश खंडेलकर, विकासखंड सचिव प्रमोद कटरे, विकासखंड कोषाध्यक्ष विशाल वाहने, तहसील उपाध्यक्ष यू एल तुरकर, विकासखंड उपाध्यक्ष प्रशांत डिब्बे ने की है।

## खबर संक्षेप

### नगरीय निकाय के उप निर्वाचन पूर्वार्द्ध का कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों में आकस्मिक रूप से रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन वर्ष 2025 पूर्वार्द्ध का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सिवनी नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 11 सहित 9 अन्य निकायों की रिक्त सीटों के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार सोमवार 16 जून को प्रातः 10:30 बजे निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारंभ हो जाएगी। सीटों के आरक्षण संबंधी सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केंद्र की सूची का प्रकाशन भी 16 जून को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम अनुसार नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि सोमवार 23 जून निर्धारित है। नाम निर्देशन पत्र की जांच 24 जून को की जाएगी, अभ्यर्थियों से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 जून निर्धारित है तथा 26 जून को ही शेष अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन किया जाएगा। सोमवार 7 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान संपन्न होगा तथा मतगणना 10 जुलाई को होगी।

# कोतवाली पुलिस की ताबडतोड़ कार्यवाही: एक तरफ गांजा की तस्करी करने वाली महिला को पकड़ा और दूसरी तरफ मोटर साईकिल चोर पकड़ाया

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों की धरपकड़ करते हुए आम आदमी को राहत पहुँचाने का प्रयास किया जाता रहा हैं । इसी क्रम में चोरी की 02 मोटर सायकिल पकड़ने में कोतवाली पुलिस ने सफलता प्राप्त की।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दिनांक 14/06/25 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी की गंज वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड रेल्वे फाटक के पास अवैध रुप से गांजा रखे होने की सूचना पर एक महिला को महिला स्टाफ की सहायता से घेराबंदी कर पकडा गया जिसके द्वारा अपना नाम रीतम मानाठाकुर पति विदेश मानाठाकुर गंज मोहल्ला रानी दुर्गावती वार्ड बताया जिससे एक सफेद रंग के थैले में 375 ग्राम गांजा जप्त किया गया। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ रखने के सबंध में कोई वैद्य दस्तावेज लायसेंस न होने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उल्लेखनीय है कि आरोपिया रितम मानाठाकुर के विरूद्ध अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखे होने से आरोपिया के पूर्व से 02 एवं आबकारी एक्ट के 02 अपराध पंजीबद्ध है।

वही दिनांक 15/06/25 को सूचना मिली कि इलाहाबाद बैंक के पीछे कुछ व्यक्ति चोरी की मोटर साइकिल अपने घर में छिपा कर रखकर बेचने की फिराक में है सूचना तस्दीक पर सत्यम तिवारी पिता राम भरोष तिवारी उम्र 20 साल सा. सोनाडोंगरी एवं अंशुल तिवारी पिता नंदकिशोर उम्र 20 साल निवासी बटवानी थाना लखनवाडा के किराये के मकान में एक सफेद रंग की एक्टीवा क्रमांक MP22S0783 एंव एक स्पेडलर प्रो MP22MF3494 मिली उक्त मोटर साइकल के विषय पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों के द्वारा आपस में मिलकर कान्हीवाडा एवं बंडोल से 02 मोटर सायकिल चोरी करना स्वीकार किये जिसके कब्जे से 02 मोटर सायकिल बरामद की गई 02 मोटर सायकिल धारा 35(1-5) बीएनएसएस, 303(2) बीएनएस में जप्त की गई है। नाम आरोपी 01 सत्यम तिवारी पिता राम भरोष तिवारी उम्र 20 साल सा. सोनाडोंगरी, 02 अंशुल तिवारी पिता नंदकिशोर उम्र 20 साल निवासी बटवानी थाना लखनवाडा

**जप्ती मसरुका:**

02 नग मोटर सायकिल किमती लगभग (एक लाख रुपये) विशेष भूमिका:- निरीक्षक किशोर बामनकर, सउनि संतोष बैन, प्रआर मनोज पाल, विशाल भांगरे, आरक्षक विक्रम देशमुख, सिद्वार्थ दुबे लोकेश सरयाम, अजेन्द्र पाल, दिलीप उड़के सैनिक कृष्णकुमार सोनी शामिल रहे।







### इधर, पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने किया थाना अरी का औचक निरीक्षण


*पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा 14-15.06.2025 के मध्य रात्री में थाना अरी का औचक निरीक्षण किया गया औचक निरीक्षण के दौरान थाना के अपराध रजिस्टर , निगरानी ,माफी बदमाश रजिस्टर , एमएलसी फाईल , मालखाना ,बन्दीग्रह ,शस्त्रागार का सुक्षम्ता से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया थाना के उपस्थित स्टाफ से चर्चा कर कमियों को दूर करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बरघाट ललित गठरे, थाना प्रभारी अरी आशीष खोब्रागड़े एवं थाना स्टाफ उपस्थित रहे।*

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत आज से आयोजित किये जायेंगे शिविर

## विभिन्न योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जनजातीय समुदाय के उत्थान और कल्याण को लेकर भारत सरकार द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जिले में दो चरणों में (प्रथम चरण 16 से 28 जून, द्वितीय चरण दिनांक 29 जून से 04 जुलाई) जिले में विशेष जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर इन शिविरों का आयोजन ग्राम / कलस्टर स्तर पर किया जाएगा, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने का लक्ष्य है। शिविरों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन बैंक खाता, बीमा योजनाएं सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा, पीएम मातृ वंदना योजना, आंगनवाडी सेवाएं और टीकाकरण जैसे अनेक योजनाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड में चयनित जनजातीय ग्रामों के क्लस्टर के साथ-साथ 6 से 7 आस-पास के ग्रामों को मिलाकर दिनवार कार्ययोजना तैयार की गई है। जिन ग्रामों में योजनाओं का लाभ कम लोगों तक पहुंचा है, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। शिविरों के सफल संचालन हेतु नोडल अधिकारी, दल प्रभारी और सहयोगी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही शिविरों के प्रतिदिन का डाटा, फोटोग्राफ और संक्षिप्त वीडियो तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। जन सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्वसहायता समूहों, आजीविका समूहों और स्कूल के छात्र-छात्राओं की भूमिका भी सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार द्वारा भेजी गई एस.ओ.पी. के अनुसार शिविरों का संचालन कर जनजातीय समुदाय को अधिकतम लाभ पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। जिसके परिपालन में जिलें के सभी विकासखंडों में एसडीम द्वारा बैठक लेकर मैदानी अमलें को विस्तृत दिशा निर्देश दिये गए है।



# समर कैंप क्रिकेट अंडर फिफ्टीन हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विकास स्पोर्ट्स क्लब उगली द्वारा पटबर्रा मैदान में दो माह का क्रिकेट कैंप का आयोजन किया गया था, सिवनी जिले के उगली जैसे छोटे कस्बे में इस तरह का यह पहला प्रशिक्षण था जिसमें करीब 22 बच्चों ने भाग लिया आज समापन समारोह के मुख्य अतिथि उगली संजीव दीक्षित थाना प्रभारी अजय भगत (समाजसेवी) दिलीप यादव (स्वास्थ्य विभाग)शामिल हुए प्रशिक्षण में शामिल सभी बच्चों को प्रमाणपत्र मेडल और ट्राफी से सम्मानित किया गया इस अवसर पर उगली नवनियुक्त थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने खेल के महत्व को समझाते हुए अपने जीवन में मेहनत और निरंतरता को बनाए रखने का संदेश दिया साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ- बाकी बचे हुए समय का सदुपयोग करने को कहा साथ ही आजकल मोबाइल के दुरुपयोग से बचने की सलाह दी. जिला मेडिकल एसोसियन सिवनी के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी अजय भगत ने भी बच्चों को अपने व्यक्तित्व में खेल से अनुशासन का पाठ और सतत परिश्रम करने की बात कही और दीपक टेंभरे ने बच्चों को खेल का महत्व समझाते हुए नशे से दूर रहने की सलाह दी.

सिवनी जिले के अंतिम छोर पर बसे उगली में इस प्रकार के पहले ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण से बच्चे बहुत उत्साहित दिखे क्रिकेट की हर विधा की बारीकियां सीखी साथ ही तीन दिन के टेस्ट मैच में सभी बच्चों ने अपना खेल का जोहर दिखाया इस प्रतियोगिता में 8 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया दो महीने तक चले इस प्रशिक्षण के कोच हर्षित बर्मन जो छोटे से गांव खामी से निकल कर जिले और प्रदेश में अपना नाम रोशन किया, अपने अनुभव का प्रयोग उन्होंने अपने प्रशिक्षण में किया.. सुबह और शाम के प्रशिक्षण सत्र में एएसआई सुखमन मर्सकोले ने बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य एवं व्यायाम संबधी जानकारी बच्चों को दी सभी बच्चों के परिजन एवं क्षेत्रवासी इस प्रशिक्षण शिविर से आशा जताई है, कि आने वाले समय में भी बच्चों के लिए सभी खेलों का प्रशिक्षण और प्रतियोगिता का आयोजन होते रहें।



# दो नाबालिग लडकियों को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब किया डूण्डासिवनी पुलिस ने

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

दिनांक 14/06/25 को थाना में आवेदिका श्रीमति चंद्रवती बरकडे निवासी चुनाभट्टी ने थाना में आकर सूचना दी कि उसकी नाबालिक बेटी और भांजी घर से बिना बताये कहीं चली गयी है। सूचना पाते ही उसे गंभीरता से लेते हुये थाना प्रभारी डूंडासिवनी निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा थाना स्तर पर तुरंत टीम गठित की गयी और सायबर सेल से तकनीकी सहायता लेकर टीम को परिजनों के साथ रवाना किया। पुलिस टीम ने कडी मेहनत करते हुये दोनों नाबालिक लडकियों को ग्राम चमरवाही थाना बरघाट से उनके रिश्तेदारों के घर से दस्तयाब कर परिजनों के हवाले किया । दोनों लडकियों ने बताया कि वे अपने रिश्तेदारों के घर बिना बताये आ गये थे। दोनों लडकियों को सही सलामत पाकर परिजन बेहद खुश हैं। सराहनीय कार्य:- निरीक्षक सतीश तिवारी, प्र.आर. सुजान बघेल, प्र.आर. सुन्दर श्याम तिवारी, म.प्र.आर. उमेश्वरी चौधरी, म.आर. संध्या धुर्वे शामिल रहे।

### पौधारोपण कर जन्मदिन - शादी की सालगिरह मनाई गई

लखनादौन, पत्रकार शुभम गोल्हानी सपत्नीक दोनों के एवं अन्य के द्वारा अपने बेटे लक्ष्य गोल्हानी का आज दूसरे जन्मदिन के शुभ अवसर पर आज कदम संस्था द्वारा नगर वन लखनादौन में पौधारोपण किया गया और जन्मदिन मनाया गया जिसमें समस्त सम्माननीय नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

कदम संस्था द्वारा प्रति सप्ताह अनुसार इस रविवार दिनांक 15 जून को कदम संस्था के तत्वाधान में नगर वन लखनादौन में ठीक 10 बजे पौधारोपण किया गया, और सभी जनमानस से निवेदन भी किया गया कि अपने परिवार मित्रों में जिसका भी जन्मदिन सालगिरह इत्यादि शुभ दिन हो, वे सभी को आमंत्रित करें एवं यह विशेष दिन पूर्णतः निःशुल्क पौधा रोपण करके मनाएं। इस शुभ अवसर पर आप सभी की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# विद्या भारती द्वारा आचार्य दक्षता परीक्षा का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विद्या भारती महाकौशल प्रांत की योजना के तहत सभी जिला मुख्यालयों के नगरीय विद्यालयों में 14 जून को एक साथ आचार्य दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। सिवनी जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भैरोगंज में यह परीक्षा विद्या भारती के जिला सचिव विनीत अग्रवाल (मंटू भैया) के मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्राचार्य की निगरानी में सम्पन्न हुई। परीक्षा में विषयों के अनुसार आर्चायों की परीक्षा निर्धारित की गयी थी । आयोजित परीक्षा में जिले के नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों से 48 आचार्यो ने सहभागिता की ।

विद्यालय के व्यवस्थापक नितिन चौधरी जी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में कार्यरत आचार्यों (शिक्षकों) की दक्षता, ज्ञान और शिक्षण कौशल में वृद्धि हेतु आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य शिक्षकों को विद्या भारती की शिक्षण पद्धति से परिचित कराना, नवीनतम शैक्षणिक विधियों की जानकारी देना तथा विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित करना है। योजना के तहत आचार्य को शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता के लिये निपुण करने के उद्देश्य से विद्या भारती हर तरह के प्रयास करती है । इस प्रकर के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को विद्या भारती की शिक्षण शैली एवं सिद्धांतों से परिचित कराना। आधुनिक शिक्षण विधियों और शैक्षिक प्रथाओं से उन्हें अद्यतन रखना। शिक्षकों की दक्षता में विकास कर उन्हें बेहतर शिक्षण हेतु प्रेरित करना। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नवीनतम विषयवस्तु एवं तकनीकों की जानकारी देना।

श्री चौधरी ने परीक्षा की महत्ता बताते हुये कहा कि यह परीक्षा केवल आकलन का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षक निर्माण की दिशा में एक सशक्त पहल है। इससे आचार्यों को निरंतर स्वयं को परिष्कृत करने का अवसर मिलता है। साथ ही यह सुनिश्चित करती है कि वे छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर सकें और उनका समग्र विकास सुनिश्चित कर सकें। इस आयोजन के माध्यम से विद्या भारती ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि वह न केवल छात्र के विकास हेतु प्रतिबद्ध है, बल्कि शिक्षक को भी जीवन पर्यंत शिक्षार्थी मानते हुए उसे निरंतर उन्नति का अवसर प्रदान करती है।



### संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में विशाल रक्त दान शिविर



हरिभूमि न्यूज सिवनी। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वधान में विशाल रक्त दान शिविर १४.०६.2025 को आयोजन किया गया । इस महान मानव सेवा के कार्य में इतनी भीषड़ गर्मी में २८५ लोगो ने उत्साह दिखाया जिसमे से २० फॉर्म रिजेक्ट हुए २६५ लोगो ने रक्त दान के इस महान कार्य में अपनी आहुति दी व इस शिविर के मुख्या अतिथि सी एच ऍम ओ जयपाल सिंह ठाकुर जी द्वारा इस शिविर का उद्घाटन किया गया। इस महान कार्य में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन आप सभी का आभार व्यक्त करती है।

## सर्पदंश से बचाव के लिए रखें सावधानी

# सर्पदंश की स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र में करायें उपचार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सर्पदंश के कारण बडी संख्या में लोगों की मृत्यु होती है। विगत वर्ष में जिले में कुल 47 लोगों की मृत्यु सर्पदंश के कारण हुई है। सर्पदंश से सुरक्षा के लिए सामान्य सुरक्षा उपायों का पालन कर इन घटनाओं से बचा जा सकता है।

उपयोग करने से पहले स्लीपिंग बैग, जूते और कपड़ों को खोलकर हिलाएं ताकि उनमें छिपे सांप (और अन्य जानवर और कीड़े) बाहर निकल जाएं। किसी पेड़ के नीचे बैठने से पहले जमीन की जांच कर लें। झाड़ियों या गहरी रेत में चलते समय जूते, मोज़े और लंबी पतलून पहनें। रात में टहलते समय, जलावन की लकड़ियाँ इकट्ठा करते समय, विशेष रूप से भारी बारिश के बाद, टॉर्च का प्रयोग करें। सांपों को परेशान न करें, उनके पास न जाएं, जमीन पर सोते समय साधारण मच्छरदानी का उपयोग करें अथवा पलंग पर सोएं। बाहर पहाड़ी-खेतों में जाते समय लॉन्ग बूट पहनें। ऐसी जगह पर जहां सांपों का खतरा अधिक रहता है, वहां पर छड़ी से जमीन पर आवाज करते हुए चलें। पत्थरों के नीचे, गड्ढे के अंदर जिन जगहों पर सांपों के छुपे होने की आशंका रहती है, उन जगहों से छेड़छाड़ न करें। अपने घर के आसपास की घास समय-समय पर कटवाते रहें। घर या फिर दुकान में किसी तरह का कबाड़ इकट्ठा न होने दें। घर या दुकान में छोटे-छोटे गड्ढे और दरार हैं, तो उसे बंद करें। घर के आस पास कूड़ा इकट्ठा नहीं होने दें। यदि मजबूत चमड़े के जूते न पहने हों तो ऊंची घास वाले स्थानों से दूर रहें। जहां तक सम्भव हो स्वयं को पगडण्डियों तक सीमित रखें।



### सर्प दंश के लक्षण

सांप के डसने या काटने से अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे- काटने वाली जगह पर दर्द-सूजन, उल्टी-जी मिचलाना, अकड़न-कंपकपी,एलर्जी स्किन कलर में चेंज, पेट दर्द-दस्त, बुखार-सिरदर्द, काटने वाली जगह काली पड़ने लगी हो, कमजोरी,प्यास लगना,लो बीपी, घाव से खून बहना, अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना

### सर्प दंश के बाद क्या करें

सबसे पहले जिसे सांप ने काटा है उसे लिटा दें ताकि चलने-फिरने से जहर न फैले। उसे हिम्मत दें जिससे वो घबराये नहीं, घबराने से हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे विष का फैलाव तेजी से हो सकता है। पीडित को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल तत्काल ले जाएं। यदि संभव हो, तो सांप की पहचान करने की कोशिश करें। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश न करें, बस उसके रंग, आकार, और अन्य विशेषताओं को याद रखें। सर्पदंश स्थल को काटने या चूसने की कोशिश न करें। यह विष को हटाने में मदद नहीं करता और संक्रमण का जोखिम बढ़ा सकता है। स्वयं से किसी भी प्रकार की दवाई मरीज को न दें। पीडित व्यक्ति के सर्पदंश वाले भाग पर किसी भी प्रकार का मलहम न लगाये।सपेरे अथवा तांत्रिक के चक्कर में पडे।

### अशासकीय स्कूलों में आरटीई अंतर्गत निःशुल्क प्रवेश के द्वितीय चरण की समय सारणी जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल का पत्र क्र. / राशिके/ आरटीई/2025/2790 भोपाल दिनांक 13/06/2025 अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क ऑनलाईन प्रवेश प्रथम चरण की प्रक्रिया 10 जून 2025 तक पूर्ण हो चुकी है। प्रथम चरण के उपरांत जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं ऐसे स्कूलों को उनमें रिक्त सीटों सहित द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया हेतु पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। 2025-26 में द्वितीय चरण प्रवेश की प्रक्रिया के लिए विस्तृतनिर्देश दिए गए हैं- नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा एवं पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नही होगी। वे आवेदक जिन्होने प्रथम चरण में आवदन किया था एव सत्यापन उपरात पात्र पाए गए थे किन्तु प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ है, वे द्वितीय चरण हेतु आवेदन की च्वाईस अपडेट कर सकते हैं।जिन आवेदकों को प्रथम चरण में स्कूल आवंटन हुआ है परंतु स्कूल पंसद नहीं आने के कारण आवंटित स्कूल में एडमीशन नहीं लिया है वे द्वितीय चरण हेतु च्वाईस अपडेट कर सकेंगे। द्वितीय चरण प्रवेश प्रकिया अंतर्गत 16 जून से 20 जून 2025 तक आवेदकों द्वारा स्कूलों की च्वाईस अपडेट किया जा सकेगा। इसके उपरांत द्वितीय चरण हेतु ऑनलाईन लॉटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन उपरांत स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाईल एप्प से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 से 30 जून 2025 तक होगा। शेष निर्देश पूर्ववत ही रहेंगे। अतः जिन आवेदकों को प्रथम चरण लॉटरी में स्कूल आवंटित नहीं हुए हैं, निर्धारित दिनांको पर च्वाईस अपडेट करा सकते हैं।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भाकपा मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता कॉमरेड कृष्णा मोदी को श्रद्धांजलि दी गई

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सिवनी के जिला सचिव कॉमरेड ओमप्रकाश बुर्डे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कामरेड कृष्णा मोदी का दुखद निधन दिनांक 13 जून की शाम को हो चुका था जिसका अंतिम संस्कार 14 जून 2025 को पाठाखेड़ा जिला बैतूल में अंतिम संस्कार हजारों मजदूर साथियों की उपस्थिति में राजकीय सम्मान के साथ पुलिस बैंड की अंतिम सलामी के साथ संपन्न हुआ क्योंकि वह मध्य प्रदेश में कम्युनिस्ट पार्टी और ट्रेड यूनियन के सबसे सीनियर साथी रहे उनके जाने से ट्रेड यूनियन और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को बहुत क्षति हुई है सिवनी में उनकी याद में कामरेड डीडी वासनिक के निवास में 14 जून 2025 को 4:00 बजे शोकसभा का आयोजन वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कामरेड राजेंद्र जैसवाल की अध्यक्षता में किया गया था सभी साथियों ने अपने कर्मठ नेता को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## खबर संक्षेप

### ब्रासंस ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन



कटंगी। ब्रॉडगेज संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस के नेतृत्व में कटंगी अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने रविवार को रेलवे स्टेशन कटंगी में स्टेशन प्रबंधक को मंडल रेल प्रबंधक नागपुर मंडल के नाम एक ज्ञापन सौंपा है. इस ज्ञापन के जरिए रीवा पुणे एक्सप्रेस को बालाघाट-कटंगी-तुमसर होकर चलाने की मांग रखी गई है. ताकि बालाघाट जिले के सभी वर्गों को लाभ मिले और रेलवे की आय में वृद्धि हो. ब्राडगेज संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप सिंह बैस ने ज्ञापन के जरिए रेल अधिकारियों का ध्यानाकर्षण करते हुए बताया है कि इस ट्रेन के बालाघाट कटंगी से तुमसर होकर चलाए जाने पर छोटे शहरां का बड़े शहरों से व्यावसायिक संबंध भी स्थापित होगा. विगत कई वर्षों से ब्राडगेज संघर्ष समिति द्वारा यह मांग उठाई जा रही है. रेलवे विभाग ने ब्रासंस को इस रेल को चलाने हेतु आश्वस्त किया था.

## मध्यप्रदेश पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता

# मुठभेड़ में 56 लाख के ईनामी 4 दुर्दांत नक्सली ढेर

### पचामादादर-कटेझिरिया जंगल सर्चिंग ऑपरेशन में पुलिस ने नक्सलियों के विरुद्ध की ताबड़तोड़ कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज, बालाघाट



केन्द्र एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की समस्या से मुक्त कराने के उद्देश्य से अपनाई गयी बहुआयामी रणनीति के अंतर्गत मध्यप्रदेश पुलिस ने दिनांक 14 जून को बालाघाट जिले में बड़ी मुठभेड़ में माओवादियों के एम.एम.सी. जोन (मध्यप्रदेश महाराष्ट्र छत्तीसगढ़) के 56 लाख के ईनामी जी.आर.बी. डिवीजन के 01 पुरुष तथा 03 हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। थाना रुपझर, चौकी सोनेवानी अन्तर्गत पचामादादर-कटेझिरिया जंगल क्षेत्र में जी.आर.बी. डिवीजन के नक्सलियों के एक समूह की उपस्थिति की आसूचना के आधार पर हॉक फोर्स, जिला पुलिस, कोबरा फोर्स व सीआरपीएफ बल द्वारा 13 एवं 14 जून की मध्य रात्रि से लगातार पचामादादर कटेझिरिया जंगल क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया गया। नक्सलियों द्वारा उक्त सर्चिंग आपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को हताहत करने एवं उनके हथियार लूटने की नियत से पुलिस बलों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों के द्वारा अपनी जान की परवाह ना करते हुये अदम्य साहस का परिचय देते हुये नियंत्रित जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्यवाही में 04 हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई। मुठभेड़ के दौरान अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं, उनकी तलाश हेतु सीआरपीएफ, हॉक फोर्स, कोबरा फोर्स व जिला पुलिस बल के द्वारा क्षेत्र में बड़े स्तर पर सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

मध्यप्रदेश में वर्ष 2025 में 14 जून तक 10 हार्डकोर माओवादियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया है, जो पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक माओवादियों को ढेर किये जाने की संख्या है। इससे पूर्व वर्ष 2022 में एक वर्ष में सर्वाधिक 06 नक्सलियों को ढेर किया गया था। मप्र पुलिस मार्च 2026 तक नक्सलवाद के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध है। नक्सलियों को स्पष्ट संदेश भी है कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण कर सम्मानपूर्वक आम जीवन व्यतीत करें। मुठभेड़ में मारे गए चारों नक्सलियों के विरुद्ध म.प्र. में कुल 102 अपराध दर्ज है।

### जप्त सामग्री

जप्त सामग्री में हथियार ग्रेनेड लान्चर- 01, एसएलआर रायफल मय मैग्जीन कारतूस-01, .315 रायफल मय कारतूस-02, एक अन्य रायफल शामिल है। वहीं विस्फोटक जिंदा हेण्ड ग्रेनेड 01, डेटोनेटर, डेटोनेटर वायर, आई.ई.डी. निर्माण सामग्री जब्त की गई है। इसके साथ ही संचार साधन वॉकी-टॉकी सेट व अन्य संचार के उपकरण तथा अन्य सामग्री में 10 नग पिट्ठू बैग, 10 नग बिंडोरी पाउच, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोग की सामग्री, टेंट इत्यादि सामग्री जब्त की गई है।

### मृतक नक्सलियों का विवरण

56 लाख के इनामी नक्सलियो में नवेझरी तहसील कोरची महाराष्ट्र से नक्सली रीता उर्फ तुब्बी श्रीरांगु हिडामी, पश्चिम बस्तर छत्तीसगढ़ से रवि, तुलसी उर्फ विमला उर्फ इमला, तथा सुमन शामिल है। इन चारों हो नक्सलियों पर 14-14 लाख की इनामी राशि घोषित की गई थी।

## पर्यवेक्षक सूरज हेगड़े बोले दिल्ली से तय होगा कौन बनेगा जिलाध्यक्ष

# संघठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस की हुई बैठक







कटंगी।

पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने लिए कांग्रेस पार्टी ने संघठन सृजन अभियान की शुरूआत की है. इस अभियान के दूसरे चरण में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है. रविवार को बालाघाट जिले की कटंगी विधानसभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक विधायक सूरज हेगड़े और प्रदेश कांग्रेस पार्टी पर्यवेक्षक संजय यादव ने नगर के सत्संग भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा की. इस दौरान कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष बैहर विधायक संजय उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, वरिष्ट कांग्रेस नेता सुशील पालीवाल, विजय सिंह सरस्वार, जिला महामंत्री नीरज हीरावत, विशाल बिसेन, अनुप सिंह बैस, सौरभ लिल्हारे, कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष नोकेन्द्र सिंगनदुपे, तिरोड़ी ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानीराम राहंगडाले, भौरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम डहरवाल, नगर अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के अलग-अलग विंग के पदाधिकारी और ग्रामीण अंचलों के कार्यकर्ता एकत्रित हुए. सुबह 11 बजे दोनों ही पर्यवेक्षक स्थानीय विश्राम गृह पहुंचे. जहां उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी. दोपहर 12 बजे सत्संग भवन में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जहां कांग्रेस पदाधिकारियों ने अभियान के बारे में जानकारी दी और फिर प्रत्येक कार्यकर्ता से वन-टू-वन चर्चा की.

### मतभेद भुलाकर करें काम होगी वापसी- सूरज हेगड़े

मंचीय कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पर्यवेक्षक विधायक सूरज हेगड़े ने कहा कि इस बैठक का मकसद है कि प्रत्येक कार्यकर्ता के मन की बात को जाने. कांग्रेस पार्टी ने मुझे भेजा है ताकि मैं बालाघाट जिले की राजनीतिक स्थिति देखूं और यहां से आने वाले नाम को दिल्ली भेजूं. मेरा काम दिल्ली नाम भेजने का है. दिल्ली से ही तय होगा कि जिलाध्यक्ष कौन बनेगा. जिलाध्यक्ष के बाद ब्लॉक, मंडल और फिर पंचायत समितियों के पदाधिकारियों का चयन होगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ऐतिहासिक संघठन है. आजादी के पहले से कांग्रेस पार्टी है. पार्टी ने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी है जिस पार्टी ने आजादी के लिए कोई लड़ाई नहीं लड़ी वह हमें देशभक्ति का पाठ पढ़ाने की कोशिश कर रही है. उससे हमें कोई पाठ पढ़ने की जरूरत नहीं है. कटंगी से नागपुर की दूरी 140 किमी. है जहां आरएसएस का मुख्यालय है वहां आजादी के 70 सालों बाद भी राष्ट्रध्वज तिरंगा नहीं फहराया गया था. उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी से भी कुछ गलतियां हुई है उसे सुधार करने की जरूरत है. मुझे विश्वास है कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता मतभेद भुलाकर साथ में काम करें तो राज्य और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी. एक अपील है हमें पार्टी का जिलाध्यक्ष पार्टी के लिए चुनना है आपस में खींचातानी नहीं करनी है. आज देश किस तरह जा रहा है उसे ध्यान देने की जरूरत है. आज धर्म और भाषा के बारे में बात की जा रही है. अमीर और अमीर, गरीब और गरीब हो रहा है. भारत की विदेश नीति फेल हो गई है. ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के समर्थन में कोई छोटा देश भी नहीं आया. परिस्थितियों को गंभीरता से सोचना पड़ेगा. कांग्रेस ने गरीब, आदिवासी, किसान, महिला सभी के बारे में शुरू से चिंता की है इसलिए आज यहां मंच से बोल रहे है. कांग्रेस झूठ के सहारे नहीं चलती देश के प्रधानमंत्री 11 वर्षों में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं कर पाए.

### खेमे से नहीं बल्कि कांग्रेस संगठन का बनेगा जिलाध्यक्ष- संजय यादव

प्रदेश पर्यवेक्षक यादव ने कहा कि संघठन सृजन अभियान की इस बैठक का बहुत अधिक महत्व है. आप सभी अपना जिलाध्यक्ष निष्पक्ष और ईमानदार चाहते है. कांग्रेस संगठन पार्टी के लिए समर्पित होकर पूर्णतः वफादारी से कार्य करें यह भी चाहते है और आने वाले समय में केंद्र और प्रदेश में सरकार बने यह भी चाहते है और यह भी चाहते है कि जिस प्रकार से हम अपने विरोध दल की अनेक खूबियों को देखते है और हम अपने में उसे उपेक्षित समझते है तो आप हम भी चाहते होगा कि कांग्रेस में यह सिलसिला जारी रहे. पिछले 40-50 वर्षों में व्यवस्था बिगड़ी है इसलिए आज हम यहां तक पहुंचे है. यह दोष केवल पार्टी का ही नहीं है हमारा भी है क्योंकि कई बार हम भी निष्पक्ष नहीं रहे और यह बात केवल कटंगी बालाघाट के लिए लागू नहीं है बल्कि पूरे देश के लिए लागू है. शायद यही एक कारण है कि जिस कारण कांग्रेस नुकसान उठा रही है. कांग्रेस का उद्देश्य इस देश का संचालित करने का है. जिलाध्यक्ष कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता के सलाह मशविरा से बनेगा. जिलाध्यक्ष आपका साथी बनेगा आपके बीच से बनेगा. इस बार जिलाध्यक्ष भोपाल या दिल्ली से बनेगा ऐसा नहीं लगेगा. किसी खेमे का जिलाध्यक्ष नहीं होगा बल्कि कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनेगा. कांग्रेस में सुधार के लिए हम सभी को तैयार रहना होगा.

### गद्दारों को स्थान ना दिया जाए- बोधसिंह भगत

पूर्व सांसद बोधसिंह भगत ने कहा कि पार्टी में संगठन में गद्दारों को बिल्कुल भी स्थान ना दिया जाए. कांग्रेस पार्टी पहले की तरह दौड़ लगा देगी. उन्होंने कहा कि वह भाजपा में थे. किसानों को नकली-खाद बीज बेचा जा रहा था. हमने विरोध किया और किसानों के साथ खड़े रहे. उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को मतभेद भुलाकर काम करने की जरूरत है.

### ग्रामीण अंचलों के कार्यकर्ताओं की राय जानना जरूरी- संजय उइके

जिलाध्यक्ष बैहर विधायक संजय उइके ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की समीक्षा में यह बात सामने आई है कि कांग्रेस में ग्रामीण अंचलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं को वह सम्मान नहीं मिल पा रहा था जिसके वह हकदार थे. इसी समीक्षा के आधार पर कांग्रेस पार्टी ने संघठन सृजन अभियान की शुरूआत की. जिसमें सभी कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की जा रही है. उन्होंने कांग्रेस के अभियान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि गुजरात से यह शुरू हुआ. मध्य प्रदेश में इसका दूसरा चरण चल रहा है. पहले जिलाध्यक्ष फिर ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल के बाद ग्रामीण समितियों का चयन होगा. इन पदों के लिए कांग्रेस पदाधिकारियों के चयन में सभी कार्यकर्ताओं की राय बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए पर्यवेक्षकों के समक्ष अपनी राय रखनी है.

## कांग्रेस केन्द्रीय पर्यविक्षक सूरज हेडगे ने बंद कमरे में बैठक कर कार्यकर्ताओं से की रायशुमारी

# जिसने कभी आजादी की लड़ाई में भाग नहीं लिया, आज वे लोग हमें सीखा रहे

### देशभक्ति क्या होती हैं ? - सूरज हेडगे

वारासिवनी।




संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक व कर्नाटक विधायक सूरज हेडगे रविवार को वारासिवनी नगर के कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बंद कमरे में बैठक कर उनकी समस्या जानी।

विधायक सूरज हेडगे ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिया कि भीतरघात करने वाले को ब्लॉक और जिला स्तर पर चिन्हित कर बाहर का रास्ता दिखाने का निर्णय लिया गया है। राहुल गांधी की सोच हैं कि जो कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी के लिए काम करता हैं, उसको सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में शुरू होने वाला यह संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और सशक्त करेगा। यह युवाओं, किसानों, श्रमिकों और समाज के वंचित वर्गों को कांग्रेस के साथ जोडऩे का एक सशक्त माध्यम बनेगी। उन्होंने बताया कि संविधान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, प्रदेश कार्यकारिणी, राजनीतिक मामलों की समिति और जिला अध्यक्ष के साथ व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा। इसका उद्देश्य संगठनात्मक ढॉचे को मजबूत करने और स्पष्ट रणनीति तैयार करना हैं। लखन घनघोरिया ने कहा कि यह आयोजन केवल एक बैठक नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना हैं।

**पैसों के दम पर भाजपा कुछ भी कर सकती हैं-सूरज हेडगे**

केंद्रीय पर्यवेक्षक व कर्नाटक विधायक सूरज हेडगे ने कहा कि अगर भाजपा केंद्र में 400 पार आ जाती, तो संविधान को बदल सकती थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हर एक चुनाव को बंद करके रखा हैं। उनको सिर्फ सरकार बनाना हैं, चाहे कैसे भी बने? किसी भी प्रकार से बने, बस सरकार बनाना हैं। राहुल गाँधी जो बोलते हैं, वही करते हैं। भाजपा तोड़ती हैं और कांग्रेस पार्टी जोड़ती हैं। सबसे ज्यादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वारासिवनी में हैं, आज उन्हीं के कारण हम आजादी से घूम रहे हैं, नहीं तो आज भी हम अंग्रेजों के गुलाम बने रहते। जिसने कभी आजादी की लड़ाई में भाग नहीं लिया, वो हमें सीखा रहे है कि देश भक्ति क्या होती हैं? हम सबको जागरूक होना चाहिए, हमारे बुजुर्ग ने आजादी की लड़ाई लड़ी। अगर हम अब चुप रहेंगे, तो हमारी पीढ़ी हमें दोष देगी। कांग्रेस के हर एक कार्यकर्ता को एकजुट रखना हैं। आने वाले समय पर केंद्र और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जो कहते थे हम सेवा करने आयेंगे, वो आज पैसे के दम पर राज कर रहे हैं।

**विधानसभा का हर एक व्यक्ति कांग्रेस पार्टी के साथ.विवेक पटेल**

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा हैं। जिससे कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी। वारासिवनी का हर कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के साथ हैं, हमारे क्षेत्र का हर एक संगठन मजबूत हैं। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का हाथ थामा हैं, उन्हें भी पता है कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही देश को ऊंचाइयों तक पहुंचा सकती हैं।

**इन्होंने भाजपा छोडक़र थामा कांग्रेस का हाथ**

इस अवसर पर प्रणय पन्ना धार्मिक, बबलू डोंगरे, आयुष राहंगडाले, सिद्धार्थ मेश्राम, आयुष भारद्वाज, सिद्धार्थ पाटिल, आयुष देवारे, श्रीमती जिया आलोक बिसेन, दिव्या जामुनपाने सहित अन्य लोगों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का हाथ थामा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक व जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय उइके, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार, भूतपूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, वारासिवनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोजेश्वर पटले, खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, डोंगरमाली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह जीतू राजपूत, जिला पंचायत सदस्य लोमहर्ष बिसेन, खैरलॉजी जनपद पूर्व अध्यक्ष फेकनलाल डोहरे, वारासिवनी नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष अनीश बेग, नपा पूर्व अध्यक्ष धवल माडल, जिला कांग्रेस महामंत्री सुदेश गुड्डु सोनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिंपरेवार, युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष विवेक जुझार, जेशराज पारधी, रामकिशोर बिसेन, राजा अली, जावेद अली, तेजराम नगपुरे, गगन बिसेन, राहुल अरोरा, नरेंद्र राहंगडाले, छोटू ठाकरे, राजकुमार चौधरी, शैलेन्द्र पटेल, विजय बिसेन, हरि क्षीरसागर, चिंटू जैन, सोमू शुक्ला, आनंद बिसेन, सुभाष क्षीरसागर, पवन चिखले, प्रमेन्द्र हेड़ाऊ सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वन्य प्राणी बारहसिंगा को आवारा श्वानों ने किया घायल

### समय पर उपचार नहीं मिलने से हुई मौत

**कटंगी**। बालाघाट जिले की मॉयल नगरी तिरोड़ी में जंगल से भटक कर एक वन्य प्राणी बारहसिंगा वार्ड क्रमांक 02 में आबादी के बीच घुस गया. जहां आवारा श्वानों ने बारहसिंगा पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. मानव एकता संस्था के पदाधिकारी जीतू अहीर और ग्रामीणों ने आवारा श्वानों से बारहसिंगा की जान तो बचा ली लेकिन वन विभाग की उदासीनता और संसाधनों की कमी के कारण वन्य प्राणी को समय पर उपचार नहीं मिल पाया और उसकी जान चली गई.



रविवार की सुबह करीब 07 बजे बारहसिंगा मायॅल की दीवार फांदकर गांव के भीतर चले आया. जहां आवारा श्वानों ने उस पर हमला कर दिया. वन्य प्राणी ने जंगल की तरफ भागने की कोशिश की लेकिन मायॅल द्वारा बनाई गई चारदीवारी की ऊँचाई बहुत अधिक होने के कारण वह वापस नहीं जा पाया. मानव एकता संस्था के पदाधिकारी ने वन्य प्राणी के घायल होने की सूचना समय पर वन विभाग को दी थी लेकिन विभाग का सुरक्षा श्रमिक घटनास्थल पर खाली हाथ पहुंचा और अपने वरिष्ट अधिकारियों से दुरभाष पर ही चर्चा करते रहा. करीब 01 घंटे से भी अधिक वक्त तक वन्य प्राणी को उपचार नहीं मिला जिससे उसकी मौत हो गई. जीतू अहीर बताते है कि वन्य प्राणियों के गांव में घुसने की घटनाएं अब आम हो चुकी है. बीते एक वर्ष में करीब 50 से अधिक वन्य प्राणी गांव के भीतर आए है. जिसमें चीतल, सांभर, बारहसिंगा और जंगली सुअर शामिल है. यह वन्य प्राणी लोगों के घरों के अंदर तक घुस जाते है और कई बार लोगों पर हमला कर उन्हें घायल भी कर चुके है. इन घटनाओं को देखते हुए मायॅल से जंगल की तरफ बनाई गई चारदीवारी की ऊँचाई कम करने का आग्रह किया गया किंतु मायॅल के वरिष्ट अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया. वन विभाग भी इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई उपाय नहीं कर रहा है. मायॅल और वन विभाग के बीच समन्वय स्थापित नहीं होने का दुष्परिणाम है कि आए दिन वन्य प्राणी गांव के भीतर आबादी के नजदीक आ रहे है. बहरहाल, इस तरह की घटनाएं वन्यजीव संरक्षण और आवारा पशुओं के प्रबंधन की आवश्यकता को उजागर करती हैं.

DGET/NCVT/ से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
जिले की एक मात्र ISO-9001-2008 प्रमाणित संस्था
अरिहंत प्रा.आई.टी.आई.
लालबर्रा रोड गर्रा बालाघाट फोन - 6263882617, 9425875737
- ट्रेड -
इलेक्ट्रीशियन फिटर
अरिहंत इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर्स & आई.
फोन - 7999525911, 9425892823
BCA M.Sc.(CS)
DCA PGDCA
विशेषताएं:-

Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & DTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. 4 Year Degree Course JEE / 12th (PCM) Pass
& Polytechnic 3 Year Degree Course 10th (PCM) Pass
कम्प्यूटर साइंस माईनिंग सिविल इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.) 9425836824, 6262604111 Web : www.satpudaengineeringcollege.com